**"प्रदेश के मानव चालित रिक्शा चालकों को मोटर/बैटरी चालित ई–रिक्शा मुफ्त प्रदान किये जाने के योजना" के सम्बन्ध में दिनांक 01.12.2016 को सूडा सभागार में निविदा समिति द्वारा खोली गयी तकनीकी निविदाओं की परामर्शी संस्था द्वारा ई–वैल्यूएशन के उपरान्त प्रस्तुत की गयी मूल्यांकन आख्या पर विचार कर वित्तीय निविदा खोले जाने सम्बन्धी संस्तुति प्रदान किए जाने हेतु दिनॉक 09.12.2016 को अपरान्ह 4.30 बजे आयोजित निविदा समिति बैठक का कार्यवृत्त।**

पूर्व निर्गत शासनादेश संख्या 2212(1)/69–1–13–14(31)/2012टीसी–।। दिनांक 8.1.2014 के द्वारा प्रश्नगत योजना के अन्तर्गत तकनीकी/वित्तीय निविदा खोले जाने हेतु गठित **निविदा समिति** की बैठक दिनांक 09.12.2016 को अपरान्ह 4.30 बजे अभिकरण मुख्यालय के सभागार में समिति के अध्यक्ष के रूप में अधिकृत सचिव नगर विकास, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुयी। उल्लेखनीय है कि बैठक में निविदा समिति के द्वारा दिनांक 01.12.2016 को अपरान्ह 4.30 बजे सूडा मुख्यालय पर सील्ड निविदा बाक्स खोले जाने पर 03 विभिन्न कम्पनियों के निविदा प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। क्रमवार समिति द्वारा इन्हें खोले जाने के उपरान्त निम्नवत निविदा प्रदाता कम्पनियों की निविदाएं परिलक्षित हुयी थी:–

मे0 सी0एल0एच0 गैसियस फ्यूल एपलीकेशन्स प्रा0 लि0, गुड़गांव (क्रमांक01), मे0 काईनेटिक ग्रीन एनर्जी एण्ड पॉवर सोल्यूशन लि0, पुणे (क्रमांक02), मे0 ओके प्ले इण्डिया लि0, मेवात, हरियाणा, (क्रमांक03) निविदा समिति द्वारा अवलोकनोपरान्त तकनीकी निविदा सम्बन्धी समस्त महत्वपूर्ण प्रपत्रों पर हस्ताक्षर अंकन के उपरान्त तकनीकी निविदाओं को परामर्शी संस्था को मूल्यांकन हेतु सौपें जाने की सहमति प्रदान की गयी थी। जबकि उपरोक्त कम्पनियों के वित्तीय निविदा के प्राप्त सील्ड लिफाफों को समिति द्वारा एक बड़े लिफाफे में सील कराकर संरक्षित करा दिया गया था।

इस प्रकार उपर्युक्त 03 विभिन्न कम्पनियों की तकनीकी निविदा/प्रपत्र/पत्र, शासन द्वारा निविदा के विश्लेषण/परीक्षण हेतु पूर्व में नामित परामर्शी संस्था यू0पी0 इन्डस्ट्रीयल कन्सल्टेंटस लिमिटेड, (यूपिको), कानपुर के प्रबन्ध निदेशक को अभिकरण के पत्रांक 4214 दिनांक 01.12.2016 के साथ संलग्न करते हुए तत्काल हस्तगत करा दिए गए थे।

**उल्लेखनीय है कि तकनीकी निविदा खोले जाने के उपरान्त इंगित तीनों कम्पनियों द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किये गये प्रपत्रों तथा ई–रिक्शों के फोटोग्राफ्स का निविदा समिति द्वारा गहनता से अवलोकन किया गया। उक्त क्रम में निविदा प्रदाता कम्पनी ओके प्ले इण्डिया लिमिटेड की बेव–साईट पर प्रदर्शित ई–रिक्शे के विवरण तथा तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत फोटोग्राफ्स एवं संलग्न प्रपत्र के सापेक्ष निविदा समिति ने यह निर्णय लिया था कि मे0 ओके प्ले इण्डिया लिमिटेड की तकनीकी निविदा प्रपत्र में यथासूच्य ई–रिक्शे के तकनीकी मानक के सापेक्ष ई–रिक्शे की संरचना (बॉडी) में प्लास्टिक मैटीरियल सम्भावित होने के दृष्टिगत निविदा समिति की आगामी प्रस्तावित बैठक दिनांक 07.12.2016 में उक्त कम्पनी अपने ई–रिक्शे को भौतिक रूप से प्रदर्शित करें। समिति द्वारा अभिकरण को उक्त कम्पनी के ई–रिक्शे को अवलोकित कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने को कहा गया। उक्त तिथि को इंगित कम्पनी द्वारा ई–रिक्शा उपलब्ध नहीं कराये जा सकने के कारण दिनांक 07.12.2016 को होने वाली उक्त बैठक स्थगित करते हुये निदेशक, सूडा द्वारा दिनांक 09.12.2016 को अपरान्ह् 4:30 बजे सूडा मुख्यालय में आहूत की गयी। उक्त बैठक के अवसर पर निविदा समिति के अध्यक्ष की उपस्थिति में मौजूद समस्त सदस्यों ने सूडा परिसर में उपलब्ध मे0 ओके प्ले इण्डिया लिमिटेड द्वारा प्रदर्शित ई–रिक्शे का भौतिक अवलोकन किया।**

उक्त परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा नामित परामर्शी संस्था यूपिको द्वारा अभिकरण को प्रेषित मूल्यांकन आख्या (पत्रांक 609/यूपिको/एमडी/2016–17 दिनांक 07.12.2016) को भी निविदा समिति ने संज्ञान में लिया। इंगित परामर्शी संस्था द्वारा अभिकरण को पुनः प्रेषित अपनी अन्य मूल्यांकन आख्या पत्रांक 620 दिनांक 15.12.2016 का भी कार्यवृत्त निर्गत किए जाने से पूर्व निविदा समिति ने अवलोकन किया। जिसमें

परामर्शी संस्था द्वारा भी यह अनुशंसा की गयी है कि, "OK Play India Ltd., Mewat, Haryana being not found eligible as per technical specifications mentioned in the Tender Document, we recommend you to open the Financial Bid of the following two Bidders only-

1. CLH Gaseous Fuel Applications Pvt. Ltd., Gurgaon.
2. Kinetic Green Energy & Power Solutions Ltd. Pune.

उक्त क्रम में निविदा समिति ने मौके पर उपलब्ध ओके प्ले इण्डिया लिमिटेड कम्पनी के ई–रिक्शों को गहनता से अवलोकित किया था। समिति ने यह पाया था कि उक्त ई–रिक्शे की संरचना (बॉडी) निविदा शर्तों में यथानिर्दिष्ट तकनीकी मानक के अनुरूप नही थी।

## निविदा समिति का निर्णय

परामर्शी संस्था द्वारा पत्रांक 620 दिनांक 15.12.2016 के माध्यम से उपलब्ध करायी गयी पूर्वोक्त तकनीकी निविदा से सम्बन्धित मूल्यांकन आख्या के अवलोकनोपरान्त निविदा समिति के अध्यक्ष/समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निम्नवत संस्तुति की गयी–

उपर्युक्त वस्तुस्थिति के परिप्रेक्ष्य में निविदा समिति ने सर्वसम्मति से यह मत स्थिर किया कि पूर्वोक्त प्राप्त 03 विभिन्न आपूर्तिकर्ता कम्पनियों की तकनीकी निविदाओं के सापेक्ष निविदा शर्तों के अर्हता बिन्दुओं के अनुरूप मात्र **निम्नवत् 02 आपूर्तिकर्ता कम्पनियों की ही तकनीकी निविदाएं वित्तीय निविदा खोले जाने हेतु अर्ह पायी गयीं हैं।** अतः समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रकरण की महत्ता और तात्कालिकता के दृष्टिगत **इंगित दोनों कम्पनियों की वित्तीय निविदाएं दिनांक 16.12.2016 को सूडा सभागार में अपरान्ह 4.00 बजे निविदा समिति के द्वारा खोली जाएं।**

1. मे0 सी0एल0एच0 गैसियस फ्यूल एप्लीकेशन्स प्रा0 लि0, गुड़गांव।
2. मे0 काईनेटिक ग्रीन एनर्जी एण्ड पॉवर सोल्यूशन लि0, पुणे।

15-12-2016
(सुभाष चन्द्र)
नामित सदस्य
अनुसचिव, वित्त विभाग
उ0प्र0 शासन

(नर्वेद सिंह)
नामित सदस्य
विशेष सचिव, परिवहन विभाग
उ0प्र0 शासन

15/12
(आर0पी0 सिंह चौहान)
सदस्य
अधीक्षण अभियन्ता
लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ

(लाल प्रताप सिंह)
वित्त नियंत्रक, सूडा

15.12.2016.
(डा0 वी0के0 सिंह)
अपर निदेशक, सूडा

15.12.16
(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक, सूडा

Sd.
(श्रीप्रकाश सिंह)
अध्यक्ष/सचिव,
नगर विकास विभाग
उ0प्र0 शासन